## संपादकीय

# होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण है: कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना।

कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम है: कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना।

पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं।

यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।

# ओयो का बड़ा फैसला : अनमैरिड कपल्स को अब नहीं मिलेगा रूम, नियमों में हुआ बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली**




होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म ओयो ने अपनी नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए अविवाहित जोड़ों (अनमैरिड कपल्स) के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। कंपनी ने नई चेक-इन पॉलिसी लागू की है जिसके तहत अविवाहित जोड़ों को कमरा देने से इनकार किया जा सकता है। यह नियम फिलहाल उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में लागू किया गया है, लेकिन जल्द ही इसे अन्य शहरों में भी लागू किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार, अब अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा बुक करने के लिए अपने रिश्ते की पुष्टि के लिए वैलिड प्रूफ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह नियम ऑनलाइन बुकिंग पर भी लागू किया जाएगा, जिससे कि अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा लेने के दौरान अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, ओयो ने अपने पार्टनर होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए बुकिंग रद्द करने का अधिकार प्रदान किया है, ताकि समाजिक मान्यताओं और नियमों का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

ओयो ने सबसे पहले मेरठ स्थित अपने पार्टनर होटलों को इस नई पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। कंपनी मेरठ में इस नियम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करेगी और उसके आधार पर अन्य शहरों में भी इसे लागू करने का निर्णय लेगी। सूत्रों के अनुसार, मेरठ की कई सामाजिक संस्थाओं ने इस मुद्दे को ओयो के सामने उठाया था, जिसके बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। कुछ अन्य शहरों में भी अविवाहित जोड़ों को कमरा न देने को लेकर याचिकाएं दायर की गई थीं।

ओयो के नॉर्थ इंडिया रीजन के हेड पवास शर्मा ने बताया कि ओयो सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन कानून के दायरे में काम करने और सामाजिक संस्थाओं की बातों को भी जिम्मेदारीपूर्वक सुनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस पॉलिसी के प्रभाव और नियमों की समय-समय पर समीक्षा करते रहेंगे।

ओयो का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य कंपनी की छवि को बदलना और इसे परिवारों, छात्रों, व्यवसायों, धार्मिक यात्रियों और अकेले यात्रा करने वालों के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित करना है। कंपनी का मानना है कि इससे लोगों को अधिक से अधिक रूम बुक करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

यह बदलाव उन अविवाहित जोड़ों के लिए एक बड़ा झटका है जो अक्सर ओयो के माध्यम से होटल बुक करते थे। अब उन्हें कमरा बुक करने से पहले अपने रिश्ते का प्रमाण देना होगा या फिर अन्य विकल्पों की तलाश करनी होगी।

# माइलेज की रानी अब नहीं मिलेगी, 1 लीटर में दौड़ती थी 70 किलोमीटर!

**नई दिल्ली**

देश में माइलेज की रानी के नाम से मशहूर बजाज प्लेटिना 110 एबीएस अब बाजार से गायब हो गई है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इस मॉडल की बिक्री बंद कर दी है। यह खबर उन लोगों के लिए निराशाजनक होगी जो कम बजट में अधिक माइलेज देने वाली बाइक की तलाश में थे।

**क्यों बंद हुई प्लेटिना 110 एबीएस-** प्लेटिना 110 एबीएस 70 किलोमीटर प्रति लीटर का शानदार माइलेज देती थी, फिर भी इसे बंद करने का फैसला क्यों लिया गया? इसका मुख्य कारण है कम बिक्री। भले ही यह बाइक कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आती थी, लेकिन ग्राहकों ने इसे उतना पसंद नहीं किया जितना कंपनी को उम्मीद थी।

**क्या थे प्लेटिना 110 एबीएस के खास फीचर्स?-** बजाज प्लेटिना 110 एबीएस एक किफायती और सुविधाजनक बाइक थी जो कई खास फीचर्स के साथ आती थी। इस बाइक का सबसे बड़ा आकर्षण इसका शानदार माइलेज था, जो लगभग 70 किलोमीटर प्रति लीटर था। इसके अलावा, 125सीसी से कम इंजन क्षमता वाली बाइक्स में सिंगल-चैनल एबीएस मिलना काफी दुर्लभ था, लेकिन प्लेटिना 110 एबीएस में यह फीचर दिया गया था, जिससे सुरक्षा और बढ़ गई थी। 115सीसी का दमदार इंजन इसे एक स्मूथ और आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता था, खासकर लंबी दूरी की यात्राओं के लिए।

**क्यों बंद हुई पल्सर एफएम250 भी?-** प्लेटिना 110 एबीएस के अलावा, बजाज ने हाल ही में अपनी पल्सर एबीएस 250 बाइक को भी बंद कर दिया है। इस बाइक को भी ग्राहकों से उम्मीद के मुताबिक रिस्पॉन्स नहीं मिला था। बजाज प्लेटिना 110 एबीएस और पल्सर एफएम 250 के बंद होने से यह साफ है कि कंपनी अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बदलाव कर रही है। कंपनी अब उन मॉडलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो ग्राहकों को ज्यादा पसंद आ रहे हैं। अगर आप कम बजट में माइलेज वाली बाइक की तलाश में हैं तो आप बजाज प्लेटिना के अन्य मॉडलों या अन्य कंपनियों के समान सेगमेंट की बाइक्स पर विचार कर सकते हैं।

# रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित होगा ऋतुराज गायकवाड़

**नईदिल्ली**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा बतौर कप्तान ही नहीं बतौर बल्लेबाज भी काफी निराशाजनक रहा. 3 मैचों में वह सिर्फ 31 रन ही बना सके. वैसे तो रोहित ने ये क्लीयर कर दिया है की वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं. लेकिन, अगर आगे भी टेस्ट में उनके बल्ले से रन नहीं आते, तो यकीनन टीम इंडिया को उन्हें रिप्लेस करने की जरूरत पड़ सकती है. तो आइए आपको एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो आने वाले टाइम में रोहित का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. वैसे तो घरेलू क्रिकेट में कई खिलाड़ी हैं, जो बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और जरूरत पडऩे पर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं. मगर, इन सबमें ऋतुराज गायकवाड़ एक ऐसा नाम है, जो आने वाले समय में रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. गायकवाड़ ने आईपीएल में एमएस धोनी को प्रभावित किया और अब वह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं.

# छोटे निवेशकों के लिए बड़ा मौका! अगले हफ्ते आएंगे 7 नए आईपीओ , 6 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

**मुंबई**

नए वर्ष 2025 का दूसरा हफ्ता आईपीओ के नजरिए के काफी व्यस्त रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान शेयर बाजार में मेनबोर्ड और एसएमई को सात पब्लिक इश्यू खुलेंगे और वहीं, छह कंपनियों की लिस्टिंग होगी। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का आईपीओ 6 जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक खुलेगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 410.05 करोड़ रुपये का होगा। इस पब्लिक इश्यू का प्राइस बैंड 133 रुपये से लेकर 140 रुपये होगा।




फार्मास्यूटिकल और केमिकल सेक्टर के लिए इंजीनियरिंग उपकरण बनाने वाली इस कंपनी ने 3 जनवरी को एंकर बुक के जरिए पहले ही 123.02 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। इस आईपीओ की लिस्टिंग 13 जनवरी को हो सकती है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का आईपीओ 7 से 9 जनवरी तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इस कंपनी का इश्यू साइज 290 करोड़ रुपये का होगा। इसका प्राइस बैंड 275 रुपये से लेकर 290 रुपये के बीच होगा।

भारतीय रेलवे की कवच परियोजना के तहत नई पीढ़ी के ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली कंपनी की लिस्टिंग 14 जनवरी को हो सकती है। कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का आईपीओ 7 जनवरी से लेकर 9 जनवरी तक खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 99 रुपये से लेकर 100 रुपये तक होगा। इस इश्यू का साइज 1,578 करोड़ रुपये होगा। इसकी लिस्टिंग 14 जनवरी को होगी।

इसके अलावा चार एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं, जिसमें बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प, इंडोबेल इंसुलेशन, अवांसा अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स का आईपीओ शामिल है। इन आईपीओ का साइज क्रमश: 85.21 करोड़ रुपये, 54.60 करोड़ रुपये, 10.14 करोड़ रुपये और 1.92 करोड़ रुपये होगा। ये सभी आईपीओ 6 जनवरी से आम निवेशकों के लिए खुल रहे हैं। अगले हफ्ते एक मेनबोर्ड और पांच एसएमई कंपनियां भी एक्सचेंजों पर लिस्टिंग होंगे।

# ईसीबी ने महिला अधिकारों के उल्लंघन के कारण अफगानिस्तान सीटी मैच के बहिष्कार का आह्वान किया खारिज

**नई दिल्ली**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के मैच का बहिष्कार करने के आह्वान को कथित तौर पर खारिज कर दिया है।

इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में 26 फरवरी को अफगानिस्तान का सामना करना है, लेकिन 160 से अधिक राजनेताओं ने ईसीबी को एक पत्र लिखकर मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया है।




हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाडिय़ों और अधिकारियों से दृढ़ता से आग्रह करते हैं कि वे तालिबान के शासन में अफ़ग़ानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहे भयानक व्यवहार के खिलाफ़ आवाज़ उठाएं। हम ईसीबी से भी आग्रह करते हैं कि वह अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ होने वाले आगामी मैच का बहिष्कार करने पर विचार करे... ताकि यह स्पष्ट संकेत दिया जा सके कि इस तरह के घृणित दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी द्वारा ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है, हमें लैंगिक भेदभाव के खिलाफ़ खड़ा होना चाहिए, और हम ईसीबी से आग्रह करते हैं कि वह अफ़ग़ान महिलाओं और लड़कियों को एकजुटता और उम्मीद का एक दृढ़ संदेश दे कि उनकी पीड़ा को अनदेखा नहीं किया गया है।

बहिष्कार के लिए आह्वान करने वाले पत्र के जवाब में, गोल्ड ने कहा, ईसीबी अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान शासन के तहत महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहे व्यवहार की कड़ी निंदा करता है जबकि स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह सुझाव देते हुए कि यह अकेले काम करने के बजाय सभी सदस्य देशों से एक समान दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

हम उन लोगों द्वारा उठाई गई चिंताओं को समझते हैं जो मानते हैं कि पुरुष क्रिकेट का बहिष्कार अनजाने में तालिबान की स्वतंत्रता को दबाने और अफ़ग़ान समाज को अलग-थलग करने के प्रयासों का समर्थन कर सकता है।

# शास्त्री ने शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाए

**दुबई**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए तेज गेंदबाज को न भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठाए हैं, जिसमें भारत 3-1 से हार गया था।

टखने की चोट के कारण 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने और 2024 की शुरुआत में सर्जरी कराने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में भाग लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान वापसी की उम्मीद बढ़ गई।

मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले उन्हें आधिकारिक तौर पर बाहर कर दिया गया था, बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने घुटने में सूजन का हवाला दिया था।

शास्त्री और पोंटिंग का मानना है कि शमी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा और सीरीज के अंत में वापसी में तेजी लाई जा सकती थी।

शास्त्री ने कहा कि शमी को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जा सकता था और फिर उनकी भागीदारी पर निर्णय लिया जा सकता था।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब उनसे पूछा गया कि क्या शमी मेलबर्न या सिडनी में सीरीज को अपने पक्ष में कर सकते थे, बिल्कुल, इसमें कोई संदेह नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो, मैं मीडिया में चल रही इस बातचीत से बहुत हैरान था कि मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ। रिकवरी के मामले में वह कहां है? वह एनसीए में कब से बैठा है, मुझे नहीं पता। वह कहां खड़ा है, इस बारे में उचित बातचीत क्यों नहीं हो पा रही है? उसकी क्षमता के अनुसार खिलाड़ी होने के कारण मैं उसे ऑस्ट्रेलिया ले आता।

उन्होंने कहा, मैं उसे टीम का हिस्सा बनाए रखता और सुनिश्चित करता कि उसका पुनर्वास टीम के साथ हो। और फिर अगर तीसरे टेस्ट मैच तक हमें लगता कि नहीं, यह खिलाड़ी सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल सकता, तो मैं उसे जाने देता।

शास्त्री ने कहा, लेकिन मैं उसे टीम के साथ लाता, उसे रखता, सर्वश्रेष्ठ फिजियो से उसकी निगरानी करता और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद अंतरराष्ट्रीय फिजियो से भी सर्वश्रेष्ठ सलाह लेता, जो देखते हैं कि वह कैसा प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन मैं उसे टीम में बनाए रखता।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

***मिथुन-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।

***कर्क-*** आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं।

***सिंह-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

***कन्या-*** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी।

***तुला-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा।

***धनु-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा।

***मकर-*** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी।

***कुंभ-*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए।

***मीन-*** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

# पुष्पा 2 बनी 800 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म

पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिलीज के एक महीने बाद भी धमाल मचा रही है, हालांकि इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर हो गई है. दमदार कमाई और रिकॉर्ड तोड़ते हुए, एक्शन-थ्रिलर भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी कमाई करने वाली फिल्म बनने के लिए तेजी आगे बढ़ रही है. वर्तमान में यह भारतीय सिनेमा की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. अब इसकी नजर आमिर खान की दंगल पर है. और इस रिकॉर्ड को तोडऩे के लिए इसे 2070 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना होगा.




पुष्पा 2 ने एक महीने में कई सारे रिकॉर्ड तोड़े और बनाए हैं. इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. जबकि दुनियाभर में इसने प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 को पछाड़ते हुए 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर ली है. 31 दिनों की अपार सफलता के बाद यह बॉक्स ऑफिस पर रन कर रही है. हालांकि इसकी रफ्तार पहले से कम हो गई है. बीते कुछ दिनों से फिल्म सिंगल डिजिट में कमाई कमाई कर रही है.

5वें हफ्ते से अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिंगल डिजिट में कलेक्शन कर रही है. सैकनिलक के अनुसार, 5वें गुरुवार को फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए. वहीं शुक्रवार को फिल्म की सबसे कम कमाई हुई. 30वें दिन फिल्म ने 3.75 करोड़ रुपये कमाए. शनिवार को इसकी कमाई में 46.67 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला. 5वें शनिवार को फिल्म ने 5.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. अपने 32वें दिन, फिल्म ने 7 करोड़ की कमाई की.

# सोनू सूद की फतेह का दूसरा एक्शन पैक्ड ट्रेलर रिलीज, सलमान खान-महेश बाबू ने किया लॉन्च

सोनू सूद की अपकमिंग फिल्म 'फतेह' का पहला ट्रेलर दिसंबर में रिलीज हुआ था और इसने प्रशंसकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. अब सोनू ने फैंस की खुशी दोगुनी करते हुए अफनी फिल्म का दूसरा ट्रेलर कर दिया है. आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और पैन इंडिया स्टार महेश बाबू ने रिलीज किया है. इन दिग्गजों ने अपने सोशल मीडिया पर फतेह का दूसरा ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज किया जिसने फिर से फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है. सोनू सूद और महेश



बाबू ने 2005 की तेलुगु एक्शन हिट 'अथाडु' में साथ काम किया था. इसी तरह, 'दबंग' में सलमान खान और सोनू सूद की जोड़ी ने सबका दिल जीत लिया था. सलमान खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फतेह ट्रेलर 2 का लिंक शेयर किया. उन्होंने इसे फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर किया जिसमें सोनू सूद का खून से लथपथ चेहरा दिखाई दे रहा है.

# सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए जानिए ठंड में क्यों आती है ज्यादा नींद!

ऑफिस हो या फिर घर सर्दियों में हर जगह लोगों को नींद बहुत आती है. सर्दियों में दिन छोटे होते हैं और रातें लंबी होती है. इसके बाद भी ऐसा लगता है कि नींद पूरी नहीं हुई है. क्या आपको पता है सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए या फिर ठंड में क्यों ज्यादा नींद आती है महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेंज के साइकेट्रिस्ट डॉ. हर्षल साठे बताते हैं गर्मी के दिनों की तुलना में ठंड में लोग डेढ़ से दो घंटे अधिक सोते हैं. दिन का उजाला और रात का अंधेरा नींद के पैटर्न को प्रभावित करते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**हार्मोनल बदलाव की वजह से आती है नींद**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक जब हम प्रकाश के संपर्क में आते हैं तो ब्रेन का खास एरिया एक्टिव होता है. इससे मेलाटोनिन हार्मोन और शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल होता है. हमारा शरीर मेलाटोनिन नाम का एक स्लीप हार्मोन बनाता है. जब सूर्यास्त होता है और अंधेरा धीरे-धीरे बढऩे लगता है तो मेलाटोनिन का लेवल बढऩे लगता है. इसका मतलब होता है कि अब सोने का समय हो गया है. सुबह में जब सूर्य की रोशनी बढऩे लगती है तो मेलाटोनिन लेवल भी घटने लगता है. यह सिग्नल होता है कि अब उठने का समय हो गया है.

**तापमान में बदलाव भी जिम्मेदार**

सर्दियों में तापमान कम होता है इसलिए नींद अधिक आती है जबकि गर्मियों में नींद कम आती है. इसका कारण यह है कि गर्मियों में हमारा ब्रेन ज्यादा एक्टिव रहता है जबकि ठंड के दिनों में ब्रेन कम एक्टिव रहता है. इससे नींद पर असर पड़ता है. ब्रेन के कम एक्टिव रहने पर न्यूरो ट्रांसमीटर्स की सक्रियता भी घट जाती है.

**सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए**

गर्मियों में लोग एवरेज 6-7 घंटे सोते हैं लेकिन ठंड के दिनों में लोग 2 से 2.5 घंटे ज्यादा सोते हैं. सर्दियों में शरीर को हेल्दी रखने के लिए एक वयस्क व्यक्ति को सर्दी के मौसम में 7-10 घंटे की नींद लेना चाहिए.

**सर्दियों में क्यों होता है मूड स्वींग**

रिपोर्ट के मुताबिक ठंड के दिनों में सूर्य की रोशनी कम होने से शरीर के इंटरनल बॉडी क्लॉक पर निगेटिव असर पड़ता है. सूर्य की रोशनी कम होने से सेरोटोनिन लेवल भी घट जाता है. सेरोटोनिन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है जिसके घटने-बढऩे से हमारा मूड बदलता है.

## शब्द सामर्थ्य- 290

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 290

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |